| दिनांक 21.09.2025 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 31/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## "मिशन शक्ति 5" के अंतर्गत नारी सुरक्षा एवं सम्मान हेतु प्रदेशव्यापी बाइक रैली का आयोजन, हैशटैग #MissionShakti5 को मिला अपार जनसमर्थन

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिनांक 20.09.2025 को लोकभवन से "मिशन शक्ति 5" का शुभारम्भ करते हुए समस्त जनपदों में महिलाओं के अंदर सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मविश्वास की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बाइक रैली आयोजित किए जाने हेतु निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के अनुपालन में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्णा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 21.09.2025 को प्रदेश के सभी जनपदों में नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश लेकर **पुलिस के विभिन्न रैंक के लगभग 18 हजार महिला अधिकारियों व कर्मचारियों की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई।**

सुबह से ही सभी जिलों में महिला पुलिस कर्मी बाइक लेकर सड़क पर उतरीं। **"सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार"** जैसे नारों से सड़कें गूंज उठीं। जगह-जगह आमजन ने तालियों और पुष्पवर्षा के साथ रैली का स्वागत कर महिला सुरक्षा के संकल्प को मजबूती दी। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया था कि **"नारी सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।"** इसी विचार को जन-जन तक पहुँचाने के लिए यह बाइक रैली निकाली गई।

लोकभवन में हुए शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 1,663 थानों में मिशन शक्ति केंद्रों की शुरुआत की थी। इसके साथ ही **'सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश' फोल्डर एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबरों** की जानकारी भी जारी की गई। नवरात्रि और आगामी त्योहारों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतज़ाम करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रदेशभर में निकली इस बाइक रैली ने स्पष्ट किया कि अब नारी सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा संकल्प है। बाइक रैली के दौरान जनपद के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, माननीय जनप्रतिनिधियों तथा मंत्रीगणों द्वारा भी सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को समर्थन प्रदान किया गया। प्रशासन और पुलिस की सक्रिय भागीदारी ने जनता के विश्वास को और मजबूत किया।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त बाइक रैली से संबंधित फोटो एवं वीडियो को उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त जनपदों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर साझा करके पोस्ट किया गया। इसी क्रम में #MissionShakti5 को प्रदेश पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर साझा किया। यह हैशटैग **21-09-2025 को शाम 04:00 बजे सूचीबद्ध हुआ और कुछ ही समय में टॉप ट्रेंडिंग लिस्ट में नंबर-01 पर पहुँच** गया। इसी हैशटैग **#MissionShakti5 के साथ अन्य की-वर्ड महिला पुलिस, नारी शक्ति,मिशन शक्ति** भी ट्रेडिंग लिस्ट में शामिल है । **शाम 04:00 बजे से 06:30 बजे तक #MissionShakti5 लगातार टॉप 5 ट्रेंडिंग सूची में शामिल है। अब तक इस पर 23 हज़ार से अधिक ट्वीट्स किए जा चुके हैं, जिससे लगभग 28 मिलियन की रीच और 384 मिलियन इंप्रेशन प्राप्त हुए हैं।**












कमिश्नरेट लखनऊ



जनपद इटावा




जनपद कन्नौज



जनपद सीतापुर




जनपद अयोध्या




जनपद झांसी

| |
|---|
| दिनांक 21.09.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 32/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**एएनटीएफ–दि0–20–09–2025 को एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 सक्रिय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 102 किलोग्राम अवैध गांजा (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 51 लाख रूपये), 01शेवरलेट सेल कार, 02 अदद मोबाइल फोन व 1370/– रूपये नगद बरामद किया गया।**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ0प्र0, लखनऊ के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ लखनऊ के निर्देशन में एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 सक्रिय तस्करों (1) अनूप दुबे पुत्र लल्लन दुबे निवासी चतुर बगहा थाना जादोपुर जनपद गोपालगंज (बिहार), (2) कल्लूशाह पुत्र मोदी शाह निवासी कल्ला मातिहिरिया थाना विशंभरपुर जनपद गोपालगंज( बिहार) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 102 किलोग्राम अवैध गांजा (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 51 लाख रूपये), 01शेवरले सेल कार, 02 अदद मोबाइल फोन व 1370/– नगद बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर पर मु0अ0सं0 298/2025 धारा 8/20/29 /60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण–**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों द्वारा पूछने पर बताया गया कि उनके पास अवैध गांजा है जिसे वह एक व्यक्ति के कहने पर आज सप्लाई करने जा रहे थे, तभी आप लोगो ने पकड़ लिया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1– अनूप दुबे पुत्र लल्लन दुबे निवासी चतुर बगहा थाना जादोपुर जनपद गोपालगंज (बिहार)

2– कल्लूशाह पुत्र मोदी शाह निवासी कल्ला मातिहिरिया थाना विशंभरपुर जनपद गोपालगंज( बिहार)

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय–**

दिनांक– 20–09–2025 समय– 17.05 बजे स्थान– बाघरगाडा अन्डरपास से करीब 500, मी0 गोरखपुर से बनारस की ओर थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

1. 102 किलोग्राम अवैध गांजा (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 51 लाख)
2. 01शेवरले सेल कार
3. 02 अदद मोबाइल फोन
4. 1370/— नगद

**<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण–</u>** एएनटीएफ यूनिट प्रयागराज ।

1— उ0नि0 श्री सत्येन्द्र प्रधान प्रभारी एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट, प्रयागराज।

2—उ0नि0 श्री मनीष कुमार एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट, प्रयागराज।

3— हे0का0 राजेश यादव एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट, प्रयागराज।

4— का0 आशीष यादव एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट, प्रयागराज।

5— का0 नीरज पान्डेय एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट, प्रयागराज।

**<u>सहयोगार्थ थाना— थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर—</u>**

01— उ0नि0 विनय कुमार

02. का0 मनीश कुशवाहा

03. का0 चौथी राजभर

**<u>सहयोगार्थ सर्विलांस टीम मुख्यालय एएनटीएफ लखनऊ उ0प्र0</u>**

1— एस.आई.एम. राजेश मिश्रा, सर्विलांस प्रभारी एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0

2— टीम सर्विलांस एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0

**<u>एएनटीएफ—दि0—20.09.2025 को एएनटीएफ थाना गाजीपुर द्वारा नेपाल से लाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 03 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 02 किलो 430 ग्राम मादक पदार्थ चरस (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 24 लाख रुपये), 04 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद अपाचे मोटर साइकिल व 480/— रूपये नगद बरामद किया गया।</u>**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ0प्र0, के मार्गदर्शन एवं पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ लखनऊ के निर्देशन में एएनटीएफ थाना गाजीपुर द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला 03 सक्रिय तस्कर जिसका नाम (1) रवि शंकर मिश्रा पुत्र मारकंडे मिश्रा निवासी कस्बा व थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर (2) रोशन यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी कटाई टीकर थाना भाटपार रानी जनपद देवरिया (3) वामिक अंसारी पुत्र मोहम्मद शोएब निवासी मदनपुरा थाना दशाश्वमेध जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 2 किलो 430 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन (जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 24 लाख रुपये ), 04 अदद मोबाइल फोन व 480 रू0 नगद बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगणो के विरुद्व थाना

अदलहाट जनपद मिर्जापुर पर मु0अ0सं0–302/25 धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए विधिक कार्यवाही किया गया।

**पूछताछ का विवरण–**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणो से पूछने पर बताया गया कि उसके पास अवैध चरस है जिसे वह एक व्यक्ति के कहने पर नेपाल देश से लाकर गिरफ्तार, मिर्जापुर के आस–पास के क्षेत्रो में बिक्री करता है, आज अपने हमे पकड़ लिया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1.रवि शंकर मिश्रा पुत्र मारकंडे मिश्रा निवासी कस्बा व थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर

2.रोशन यादव पुत्र हरिराम यादव निवासी कटाई टीकर थाना भाटपा रानी जनपद देवरिया

3.वामिक अंसारी पुत्र मोहम्मद शोएब निवासी मदनपुरा थाना दशाश्वमेध जनपद वाराणसी

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय–**

दिनांक– 20.09.2025 समय– 17.30 बजे स्थान– इनफील्ड एजेंसी के पास ग्राम विशेश्वरपुर नारायनपुर अंतर्गत थाना अदल हाट जनपद मिर्जापुर

बरामदगी का विवरण

1. 2 किलो 430 ग्राम चरस जिसका अन्तर्राष्ट्रीय कीमत मूल्य (लगभग 24 लाख रुपये)
2. 04 अदद मोबाइल फोन
3. 01 अदद अपाचे मोटर साइकिल
4. 480/– रू नगद

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण**–ए0एन0टी0एफ0 थाना गाजीपुर।

1– प्र0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह
2– उ0नि0 आदित्य नरायण सिंह
3– का0 जयन्त सिंह
4– का0 अमित कुमार चौरसिया
5– का0 अजीत कुमार
6– शिवांश राय
7– का0 देवानन्द
8– का0 प्रदीप कुमार
9– का0 इन्द्रपाल सिंह

**सहयोगार्थ थाना– अदलहाट जनपद–मिर्जापुर की टीम–**

3– उ0नि0 श्री अजय कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी नरायणपुर
4– हे0 का0 यशवन्त सिंह,
5– हे0 का0 इन्द्रजीत तिवारी

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना बुढ़ाना

- **पुलिस कार्यवाही में 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 21.09.2025 को थाना बुढ़ाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पापुलर के बाग के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सादाब घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे लूट के सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना बुढ़ाना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सादाब निवासी ग्राम मंदवाडा थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—लूट के सफेद धातु के आभूषण।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बाराबंकी/थाना कुर्सी

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 71 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.09.2025 को थाना कुर्सी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लिखना अण्डरपास के पास से 03 अभियुक्तों 1— सुनील

कुमार उर्फ संदीप कुमार 2–रचित 3–आकाश को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 71 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.09.2025 को थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कुर्सी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कुर्सी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुनील कुमार उर्फ संदीप कुमार निवासी ग्राम सादभारी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

2–रचित निवासी ग्राम सिंगहापुरवा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

3–आकाश निवासी ग्राम सिंगहापुरवा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–लूट के 71 मोबाइल फोन।

2–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना इन्दिरापुरम

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 02 लग्जरी कार (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 21.09.2025 को थाना इन्दिरापुरम व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेक्टर–1 वसुन्धरा टी–प्वाइंट के पास चेकिंग के दौरान कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–राशिद घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–मुजाहिद सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 लग्जरी कार (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं,जिसमें अभियुक्त मुजाहिद के विरूद्ध जनपद मेरठ, कमिश्नरेट गाजियाबाद व दिल्ली के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त राशिद के विरूद्ध जनपद मेरठ, हापुड़, कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना इन्दिरापुरम पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राशिद निवासी समर गार्डन 60 फुटा रोड थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

2–मुजाहिद निवासी गली नं0–4 मोमीन नगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 02 लग्जरी कार (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

———————